तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

4
बिसरा चौक से बंडामुंडा मार्ग की जर्जर हालत से जनता बेहाल





खबर संक्षेप



### घर में मगरमच्छ घुसने से मची अफरातफरी

**अकलतरा।** ग्राम कोटमीसोनार के एक मकान के बेडरूम में अचानक 4 फुट का मगरमच्छ घुस जाने से परिवार के लोगों में अपरातफरी मच गई। परिजनों के द्वारा मोहल्ले वासियों की सहायता से मगरमच्छ को निकाल कर क्रोकोडाइल पार्क में शिफ्ट किया गया। इस संबंध में यह जानकारी मिली कि क्रोकोडाइल पार्क के पास में ही रहने वाले कुलदीप सिंह के घर में परिजनों के द्वारा बेडरूम में 4 फुट का मगरमच्छ देखकर घर के लोगों के होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि घर के लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे तो मगरमच्छ चुपके से घर के बेडरूम में घुस गया।

### पिता की हत्या, 4 साल बाद हुआ खुलासा

**जांजगीर-चांपा ।** बेटी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पिता के हत्या की साजिश रची। इसके बाद हत्या की वारदात को शातिर तरीके से अंजाम भी दे दिया गया। पुलिस कई साल तक हाथ पाव मारती रही, लेकिन कुछ हाथ नहीं लगा। इधर घटना के 4 साल बाद इस मामले का खुलासा हुआ। मामले में चौकाने वाले तथ्य सामने आए। बेटी ने ही अपने प्रेमी और एक और अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। तीनों आरोपी अब सलाखों के पीछे पहुंच गए है। 8 नवंबर 2020 को बलौदा क्षेत्र के छाता जगंल के नहर पुल के पास एक व्यक्ति की जली अवस्था में लाश मिली थी। मृतक की पहचान बगडबरी निवासी भूखल रोहिदास के रूप हुई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इधर कुछ दिन पहले बिलासपुर जिले में हुए एक मर्डर के बाद भूखल की हत्या का राज सामने आया। दरअसल भुखल की बेटी राजिम उर्फ़ रजनी बाई अबैध शराब बिक्री का कारोबार करती थी। उसके घर राजाबाबू खुंटे भी शराब लेने आता था। इसी दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गया। रजनी के पिता भुखल को इससे नाराजगी थी। अक्सर भूखल रोहिदास और उसकी बेटी रजनी के बीच इस बात को लेकर विवाद होता रहता था। रजनी और राजाबाबू ने मिलकर भूखल को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। भूखल की हत्या से जहाँ उनके रास्ते का कांटा दूर होने वाला था, वहीं सम्पत्ति भी मिलने वाली थी। इसी लालच में हत्या की साजिश रची गई। राजाबाबू ने अपने एक अन्य साथी पुरुषोत्तम खुटे को भी अपने प्लान में शामिल किया। पुरूषोत्तम खुंटे व राजाबाबू खुंटे शराब पिलाने के बहाने भूखल को अपने पल्सर मोटरसाईकिल से बैठाकर बिछलवा नरवा और छाता जगंल के पूल नहर पार में ले गए।

### प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से कराई निकासी


# पुसौर के कई घरों में घुसा बारिश का पानी, ग्रामीणों की बढ़ी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार भारी वर्षा ने नगरवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जहां नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं नगर के अंदरूनी वार्डों में नालियों की उचित निकासी न होने के कारण पानी सीधे घरों में घुस गया। इससे कई परिवारों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया और लोगों को दिनभर जलभराव से जूझना पड़ा।

■ कई परिवारों को दिनभर जलभराव से जुझना पड़ा

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 4, 7 और 15 के कई घरों में बारिश का पानी भर गया। घरों के भीतर फर्नीचर और जरूरी सामान तक पानी में भीग गए। नागरिकों का कहना है कि नालियों की सफाई समय पर नहीं होने और निकासी मार्ग बाधित होने से हर साल बरसात में यही स्थिति बनती है। एक महिला निवासी ने बताया कि हमारे घर का सारा सामान पानी में डूब गया, बच्चों और बुजुर्गों को रहने में भी कठिनाई हो रही है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा, सब इंजीनियर दुर्गेश मालाकार और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन लगवाकर नालियों की सफाई कराई गई और पानी निकासी का रास्ता बनाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे घरों से पानी बाहर निकला और लोगों ने राहत की सांस ली।



मौके पर पहुंच कर जेसीबी से निकासी कराते हुए।

#### एसडीएम के निर्देश पर बनी विशेष टीम

बताया गया कि यह कार्यवाही एसडीएम रायगढ़ के दिशा-निर्देश में की गई। एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने पुसौर के विभिन्न वार्डों में जाकर जलभराव की समस्या को दूर किया। अधिकारियों का कहना है कि लगातार निगरानी रखी जाएगी और जरूरत पड़ने पर फिर से निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

#### स्थायी समाधान की मांग

निवासियों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि समय रहते राहत मिल गई, अन्यथा हालात और बिगड़ सकते थे। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट कहा कि हर साल अस्थायी उपायों से काम नहीं चलेगा। उनकी मांग है कि नालियों का चौड़ीकरण, पक्की नालियों का निर्माण और नियमित सफाई की स्थायी व्यवस्था की जाए, तभी इस समस्या से निजात मिल सकेगी।

## दीवार ढह जाने से दब कर महिला की मौत

**रायगढ़।** जिले में कुछ दिनों से हो रही अनवरत बारिश के बीच बीती रात घर के मिट्टी का दीवार ढहने उसमें एक नवविवाहिता दब कर मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कापू थाना क्षेत्र के ग्राम लिप्ती के कठरापारा निवासी सुनिता लकड़ा पति संजीव लकड़ा 20 वर्ष की एक साल पहले शादी हुई थी और वह अपने पति व सास-ससुर के साथ रह रही थी। इस दौरान विगत दो दिनों से अनवरत हो रही बरसात के बीच शनिवार की रात करीब एक बजे उसके कच्चे मकान की दीवार में दरार आने लगी थी, जिसे देख सुनिता और संजीव दोनों अपने पलंग को कमरे से बाहर निकाल रहे थे। इस दौरान संजय पलंग को लेकर आगे निकल गया और सुनिता पीछे में थी, तभी अचानक मिट्टी का दीवार उसके ऊपर ही गिर गया। वहीं इस हादसे को देख संजीव ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मिट्टी को हटाते हुए उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। ऐसे में घटना की सूचना कापू पुलिस को दी गई। जिससे पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया तो पाया कि उक्त मृतिका नवविवाहिता है, जिससे घटना की सूचना तहसीलदार को दी गई और उनके मौजूदगी में पंचनामा व मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मर्ग जांच उपरांत ही मौत के कारणों को सही खुलासा हो सकेगा।

### यातायात नियम तोड़ने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**फगुरम ।** फगुरम चौकी क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा के निर्देशन में शुक्रवार शाम ठीक 5 बजे फगुरम चौकी के सामने खरसिया–डभरा मुख्य मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान की कमान चौकी प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में एएसआई हीरा राम संवरा ने संभाली। चेकिंग के दौरान पुलिस ने सैकड़ों वाहनों को रोककर जांच की। बिना हेलमेट दोपहिया चालक, तीन सवारी बैठाकर चलने वाले वाहन और बिना सीट बेल्ट कार चला रहे चालकों पर विशेष निगरानी रखी गई। नियम तोड़ने वालों को न केवल चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ा ।

## कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने रात में तीन दुकानों को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाया। चोर दुकान की छत तोड़कर भीतर घुसे और गल्ले में रखे कैश लेकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस, साइबर सेल, डॉग स्क्वॉड, फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार चोर सबसे पहले अशर्फी देवी अस्पताल रोड स्थित देवसर इलेक्ट्रॉनिक्स में घुसे। यहां से उन्होंने गल्ले में रखे 10 से 15 हजार रुपए कैश चोरी की और सबूत मिटाने के लिए दुकान का सीसीटीवी और डीवीआर भी साथ ले गए। इसके बाद चोर बगल की मित्तल मेडिकल में घुसे। यह दुकान काफी समय से बंद थी, जिससे उन्हें ज्यादा सामान नहीं मिल सका। इसके बाद चोरों ने ऑल इज वेल मेडिकल को निशाना बनाया। यहां ऊपर का दरवाजा तोड़कर भीतर घुसे और गल्ले में रखे 1 लाख से अधिक कैश चोरी कर फरार हो गए। ऑल इज वेल मेडिकल के सीसीटीवी फुटेज में चार चोर नजर आए हैं। इनमें दो बाहर खड़े दिखाई दिए, जबकि दो भीतर चोरी करते दिखे। रविवार सुबह जब मेडिकल संचालक दुकान पहुंचे तो सामान बिखरा मिला और चोरी का खुलासा हुआ।



## नाबालिग की लूटी अस्मत, 20 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नाबालिग बालिका को प्रेमजाल में फांस कर उसका दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को कोर्ट ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

मामला खरसिया थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय नाबालिग युवती अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। उसकी मां उसके पिता के निधन के बाद कोरबा में रहने लगी थी। इस दौरान नाबालिग का जूटमिल थाना क्षेत्र के सहदेवपाली निवासी कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत से परिचय हुआ था। वहीं मेल मुलाकात बढ़ने पर उनमें प्रेम संबंध स्थापित हो गया। युवती की मां 29 मार्च 2024 को उसे अपने साथ कोरबा ले गई थी। वहीं उसकी मां ने देखा कि अक्सर उसकी बेटी किसी से मोबाईल पर बातें करती है। 10 मई 2024 को उसने अपनी बेटी के मोबाईल को देखा तो वह कन्हैया दास महंत से ज्यादा बातें करती थी। बेटी की इस हरकत को देख उसने मोबाईल अपने पास रख लिया था। जिसके बाद युवती वापस अपने दादा-दादी के घर जाने की जिद करने लगी। एक दिन वह घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। इससे कन्हैया के पास जाने की शंका से जब युवती की मां ने कन्हैया से संपर्क किया तो उसने युवती को उसके पास नहीं आने की बात कही। 14 मई 2024 को युवती कन्हैया के साथ घर पहुंची तो उसकी मां ने देखा वह जख्मी हालत में है। पूछने पर युवती ने बताया कि मोटरसायकिल से गिर गई थी।



वहीं मां के द्वारा पूछताछ करने पर युवती ने बताया कि कन्हैया ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाया है। नाबालिग युवती को बहला-फुसलाकर उसका दैहिक शोषण करने की बात सामने आने पर उसकी मां ने कोरबा के बाल्को नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शून्य में अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई के लिए केस डायरी खरसिया थाना को भेजा था। खरसिया पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी कान्हू उर्फ कन्हैया दास महंत के विरुद्ध आईपीसी की धारा 376 (2) व पॉक्सो एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया था। वहीं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) देवेन्द्र साहू ने उभय पक्ष की सुनवाई के बाद कन्हैया दास महंत को नाबालिग युवती का दैहिक शोषण करने के मामले में दोषी पाया। इस पर उसे 20 साल के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहन सिंह ठाकुर ने पैरवी की है।

## एक की करंट से मौत, दूसरा फांसी पर झूला, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना बायसी लाखपतरा गांव की है। रामप्रसाद राठिया 37 वर्ष सुबह करीब 8.30 बजे अपने खेत में बोर पंप चालू करने गया था। पंप को चालू करने के दौरान वो हुकिंग कर रहा था तभी अचानक करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी और भांजा खेत पहुंचे, जहां उन्होंने रामप्रसाद को मृत अवस्था में पाया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच के बाद मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी घटना बराड़ीमुड़ा जंगल की है। रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच की। मृतक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष बताई जा रही है।

### साइबर सुरक्षा एवं विधि संबंधी दी गई जानकारी

**देवरी - सारागांव।** नगर के शासकीय नवीन महाविद्यालय सारागांव में हमर पुलिस हमर संग एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा एवं विधि संबंधी जानकारी दी गई। थाना प्रभारी सारागांव निरीक्षक सुभाष चौबे एवं हैड कांस्टेबल बलविंदर सिंह ने विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि किसी भी सुरक्षा संबंधी सहायता के लिए पुलिस सदैव आपके साथ है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से सतर्क रहने एवं कानून की जानकारी रखने की अपील की।

## पूंजीपथरा पुलिस ने अवैध रेत परिवहन करते 9 ट्रैक्टरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा पुलिस ने रविवार सुबह अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार रेत के अवैध परिवहन की सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरायपाली बाजार चौक पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 9 ट्रैक्टर बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते पकड़े गए। वाहन चालकों द्वारा रॉयल्टी आदि को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सभी पर कार्रवाई की गई है और सूचना खनिज विभाग को भी दी गई है। थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अवैध शराब, कबाड़ और बहुमूल्य खनिजों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस कार्रवाई में चालक धनेश्वर निषाद निवासी गुरदा, खरसिया, तरुण कुमार डनसेना बरभौना, छाल, लेखराम राठिया बरभौना, लाल कुमार पटेल बरभौना, पवन कुमार राठिया कुकरीचोरी छाल, दिलेश्वर डनसेना बरभौना, भीमा डनसेना बरभौना, शेखरचंद डनसेना बरभौना व धनंजय डनसेना बरभौना पकड़ाए हैं।



### सेमरिया में वरिष्ठ नागरिकों का किया गया सम्मान

**बिर्रा ।** विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में प्रभारी प्रधान पाठक डॉ उमेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में एकादशियां मांझी व शिक्षकों ने मिलकर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक मंदराज, गोवर्धन, बहरता, जैतराम,दशाराम,जीवन लाल, श्याम लाल कश्यप, पंचराम साहू, शेखराज मोहम्मद को विद्यालय परिवार ने सम्मान आंमत्रित कर तिलक लगाकर श्रीफल, शाल व तुलसी का पौधा देकर सम्मानित कर आशीर्वाद लिया। बुजुर्गों को प्रभावित करने वाले कारकों जैसे स्वास्थ्य में गिरावट और बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

### गायन और वादन के साथ नृत्य की विविध शैलियों की होगी प्रस्तुति

# चक्रधर समारोह : शास्त्रीय संगीत, लोक कला के दिखेंगे रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

देश विदेश में ख्यातिप्राप्त चक्रधर समारोह का आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है। कला के कई रूपों के साधकों और फनकारों की प्रतिभा का गवाह समारोह का मंच बनेगा। इस वर्ष समारोह में शास्त्रीय संगीत के साथ लोक कलाओं का संगम देखने को मिलेगा। शास्त्रीय गायन और वादन के साथ नृत्य की विभिन्न शैलियों की प्रस्तुतियां होने जा रही है।

शास्त्रीय कला रूपों के लिए एक सशक्त और अभिव्यक्त मंच के रूप में विख्यात चक्रधर समारोह के इस संस्करण में कथक नृत्य के साथ ओडिसी, भरतनाट्यम और शास्त्रीय नृत्य शैलियों को इस इस विधा के जानेमाने कलाकारों द्वारा मंच में जीवंत किया जाएगा। इन नृत्य शैलियों में कथक जहां उत्तर भारत का प्रतिनिधित्व करता है तो ओडिसी पूर्व और मोहिनीअट्टम व भरतनाट्यम दक्षिण भारत के प्रसिद्द नृत्य है। ये नृत्य शैलियां भारत की प्राचीन संस्कृतिक और कलात्मक विरासत की अभिव्यक्ति हैं और अपनी अनूठी नृत्य मुद्राओं, वेशभूषा, संगीत और कथा वाचन के लिए जाने जाते हैं। शास्त्रीय गायन के साथ वादन से कलाकार सुर और ताल का अनूठा संगम पेश करेंगे। चक्रधर समारोह में इस दफे सितार की मधुर गुंज, तबले की लयबद्ध थाप, संतूर जिसे सौ तारों वाली वीणा कहा जाता है के मिठास भरे सुर के साथ बांसुरी की स्वर लहरियों को सुनने का मौका मिलेगा।



एक ओर जहां शास्त्रीय नृत्यों के प्रस्तुतियां होंगी वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ की लोक कलाओं के विविध रूप का साक्षी चक्रधर समारोह का मंच बनेगा। जिनमें प्रदेश के प्रसिद्ध पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। लोकगीतों और लोकरंग प्रस्तुतियों के माध्यम से कलाकार छत्तीसगढ़ के जनजीवन में रचे बसे कला के रंगों को मंच पर बिखेरेंगे। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ से निकल कर राष्ट्रीय पटल पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके मलखंभ के खिलाड़ी भी चक्रधर समारोह में शिरकत करेंगे। इंडियाज गॉट टैलेंट के विनर्स और अतंर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाडि़यों के अद्भुत योग और जिम्नास्टिक मुद्राओं का प्रदर्शन समारोह में देखने को मिलेगा।

## नुआखाई पर अवकाश, कोलता समाज ने वित्त मंत्री ओपी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नुआखाई त्यौहार पर स्थानीय स्तर पर शासकीय अवकाश घोषित किए जाने पर कोलता समाज ने विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है। समाज का कहना है कि यह निर्णय जनभावना का सम्मान है और रायगढ़ सहित अंचल के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है।

दरअसल बीते 15 अगस्त को रायगढ़ प्रवास के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ कोलता समाज की ओर से लिखित मांग पत्र सौंपा गया था। इस दौरान युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विलिस गुप्ता और जिला अध्यक्ष ललित शाहा के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। उन्होंने नुआखाई पर्व को स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग रखी थी। कोलता समाज की इस सार्थक पहल पर संज्ञान लेते हुए वित्त मंत्री ने जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए और इसके बाद प्रशासन ने नुआखाई पर्व पर स्थानीय अवकाश घोषित कर दिया। समाज ने इसे क्षेत्रीय संस्कृति और परंपरा के सम्मान की दिशा में बड़ा कदम बताया। आभार जताने पहुंचे समाज के प्रतिनिधि मंडल में कार्तिकेश्वर भोय (कोषाध्यक्ष), अशोक गुप्ता (सचिव), त्रिनाथ गुप्ता (उपाध्यक्ष) सहित कई प्रबुद्ध नागरिक शामिल रहे। उन्होंने वित्त मंत्री को नुआखाई त्यौहार से जुड़ी जनभावनाओं से भी अवगत कराया और जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षाएं 18 अगस्त से 3 सितंबर तक परीक्षा केन्द्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बलरामपुर में प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण एवं अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्तरीय निरीक्षण दल का गठन किया गया हैं। जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर को दल प्रभारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एवं परिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलरामपुर को दल सदस्य बनाया गया है।

### नेत्रदान पखवाड़ा 25 से निकाली जाएगी रैली

**अम्बिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष भी 25 अगस्त से 8 सितंबर तक नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसी कड़ी में जन-जागरूकता हेतु 25 अगस्त को सुबह 9.30 बजे से राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह देव चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के प्रागंण से नर्सिंग छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली जाएगी। यह रैली जय स्तम्भ चौक, महामाया चौक होते हुए घड़ी चौक से वापस संगम चौक, ब्रम्ह रोड होते हुये वापस अपने पूर्व गंतव्य तक आएगी।

### पीएम आवास सत्यापन कार्य में रुपए लेने वाला सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** विकासखंड रामचंद्रपुर में ग्राम पंचायत विशालपुर के सचिव बालदेव यादव के विरूद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत आवास सत्यापन कार्य में हितग्राहियों से 100-100 रुपए लिये जाने के संबंधी शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत प्राप्त होने पर, जनपद पंचायत स्तरीय तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराये जाने पर प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाया गया है। बालदेव यादव का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम-1998 के नियम-03(1)(2)(3) का स्पष्ट उल्लंघन है। कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम-4 के तहत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर द्वारा बालदेव यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में बालदेव यादव का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री बालदेव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**लखनपुर।** एनएच 130 पर तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। मामले में पुलिस ने शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही अपराध दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि जजगा डोकरनारा निवासी 18 वर्षीय विकास कुमार आ. धुपन सिंह कंवर 22 अगस्त को अपने साथी विजेंद्र पैकरा के साथ किसी काम से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 2894 से लखनपुर आया हुआ था और रात को दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान रात लगभग 8.20 बजे मुख्य मार्ग पर जजगा मोड़ के समीप उदयपुर से लखनपुर की ओर जा रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार से बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लखनपुर में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने विकास कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि विजेंद्र पैकर को प्राथमिक उपचार के बाद रिफर कर दिया। इस मामले में शनिवार को पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## भारी बारिश में छतरी लेकर सड़क पर निकले सैकड़ों लोग

# बीच सड़क पर धरना देकर बैठे ग्रामीण, किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के बगीचा नगर में शनिवार को तेज मूसलाधार बारिश के बीच नागरिकों का सड़क चौड़ीकरण और सड़क के बीच एक पेड़ काटने की मांग को लेकर लेकर जबरजस्त धरना प्रदर्शन सामने आया है। नगर पंचायत बगीचा के वार्ड क्रमांक 3, 4 और 5 के सैकड़ों ग्रामीणों ने बस स्टैंड के मुख्य चौक पर चक्का जाम कर दिया, जिससे पूरे बगीचा क्षेत्र का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया है।

प्रदर्शन में डम्हा टोली, डूमर टोली, भट्ठीकोना और रापत कोना के लोग भारी संख्या में शामिल हुए हैं। नागरिकों ने छाता लेकर बारिश के बीच प्रदर्शन करते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं करता, उनका आंदोलन जारी रहेगा और चक्काजाम नहीं खुलने देंगे। प्रदर्शनकारियों के अनुसार, जिस सड़क से इन वार्डों को जोड़ने का कार्य होता है, वह लगभग पचास वर्ष पुरानी है और आज भी संकरी अवस्था में है। वर्षों से इस सड़क पर संकीर्णता के कारण आवागमन में दिक्कत है। जिसके चलते न तो सड़क का चौड़ीकरण हो पाया है और न ही आपातकालीन सेवाएं वहां सुचारू रूप से पहुंच पाती हैं। ग्रामीणों का कहना हैं कि एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, स्कूल वाहन और अन्य ज़रूरी सेवाओं को उस सड़क से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई बार लिखित और मौखिक शिकायतों के बावजूद, स्थानीय प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।पेड़ काटने का आदेश होने के बाद विगत एक वर्ष में प्रशासन एक पेड़ नहीं कटवा सका।हालांकि इसमें दूसरे पक्ष ने स्थगन प्राप्त किया हुआ है। चक्का जाम के कारण बस स्टैंड बगीचा से रवाना होने वाली सभी बसें रोक दी गईं, और क्षेत्र में लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। स्थानीय दुकानदारों और यात्रियों को इससे भारी परेशानी हो रही है फिलहाल पुलिस बल मौके पर तैनात है और प्रशासनिक अधिकारी प्रदर्शनकारियों से बातचीत कर स्थिति सामान्य करने के प्रयास में लगे हुए हैं। हालांकि, प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक अतिक्रमण हटाने और सड़क चौड़ीकरण की लिखित कार्यवाही नहीं होती, वे आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने बताया कि जनता की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। हम वार्डवासियों से संवाद कर रहे हैं और शीघ्र समाधान के लिए रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जा रही है।



**केवल आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए:** ग्रामीणों का कहना है कि हमें केवल आश्वासन नहीं,जमीनी स्तर पर कम चाहिए।अभी तक हमने प्रशासन का आश्वासन ही मिलता रहा है। नगरों में आधारभूत सुविधाओं की अनदेखी अब जन आक्रोश का कारण बन रही है। बगीचा जैसी महत्वपूर्ण जगह में वर्षों पुरानी सड़क पर अव्यवस्था चिंताजनक है। प्रशासन को इस विषय में तत्काल ठोस कदम उठाकर नागरिकों को प्राथमिक सुविधाओं का तत्काल लाभ दिलवाने का प्रयास करना होगा।



## सड़क में चलना हुआ दूभर, बस स्टैंड के इंदिरा चौक तक विशालकाय गड्ढे

**पत्थलगांव।** पत्थलगांव को दशकों पुरानी सड़क की समस्या से निजात मिलता नहीं दिख रहा है। बस स्टैंड चौक जहां से पत्थलगांव का हर व्यक्ति चाहे वो किसी भी रास्ते से जाए उसे बस स्टैंड चौक से होकर गुजरना ही होगा। और यहीं है सड़क में विशालकाय गड्ढे।

जहां से आपको खुदको और अपने वाहन को बचाते हुए सुरक्षित जाने की जद्दोजहद करनी होगी। तभी आप वहां से निकल पाएंगे। पैदल यात्री और बाइक, स्कूटी वालों की तो बात ही छोड़ दीजिए। उन्हें तो परेशान होने से कोई बच्चा ही नहीं सकता। पूरा शहर का मुख्य और व्यस्तम मार्ग लगभग 100 से 200 मीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क की हालत बत्त से बदतर बन चुका है। जिसे देख कर ये अंदाजा लगाना आसान होगा कि राष्ट्रीय राजमार्ग नाम का कोई विभाग कार्यरत है भी की नहीं। और अगर है तो उसके बड़े से लेकर छोटे अधिकारी किस नींद में सोए हुए है जो उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बस स्टैंड चौक की बदहाल स्थिति पता नहीं चल पा रहा है। इस मार्ग से स्थानीय लेबल के सभी अधिकारी कर्मचारियों से लेकर सभी पार्टियों के नेताओं का चलना हो रहा। पर किसी को भी रास्ट्रीय राजमार्ग 43 के बस स्टैंड चौक के खस्ताहाल विशालकाय गड्ढों का पता नहीं चल पा रहा है।

## शराब दुकान चोरी मामले में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा

इन दिनों कोतबा क्षेत्र में एक के बाद एक हो रही चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। कोतबा स्थित शराब दुकान में चोरी का प्रयास करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से चोरी में प्रयुक्त स्कूटी वाहन और उसी रात पुलिस को चकमा देकर भागे आरोपियों के द्वारा चोरी कर स्कूटी ले जाने वाली स्कूटी को भी बरामद किया हैं।

गिरफ्तार आरोपी का नाम भुवनेश्वर यादव उम्र 22 वर्ष, निवासी ग्राम कटईपानी(डी)चौकी बकारुमा थाना धरमजयगढ़,व दूसरा आरोपी संजय कुमार राठिया निवासी सकरलिया जिला रायगढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ बी.एन.एस. की धारा 331(4),305(1),324 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही हैं। पुलिस के अनुसार शराब दुकान के मैनेजर प्रार्थी सच्चिदानंद भगत, उम्र 37 वर्ष , निवासी पुत्रीचौरा, लोदाम, थाना लोदाम वर्तमान निवास कोतबा , ने चौकी कोतबा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि, वह कोतबा में सुपरवाइजर है। 19 अगस्त की रात्रि 10 बजे वह शराब दुकान को बंद कर, सुरक्षा कर्मी ललित राम को पहरा करने हेतु बोलकर, अपने निवास स्थान पर चले गया था कि दुकान के सेल्समेन ने बताया कि शराब दुकान का ताला टूटा हुआ है, शटरअंदर से बंद है। जिस पर प्रार्थी के द्वारा चौकी कोतबा पुलिस को फोन सूचित कर, तत्काल चौकी कोतबा पुलिस के साथ, शराब दुकान के अन्य स्टाफ को लेते हुए शराब दुकान में गए, तभी पुलिस की गाड़ी को आता देख,दो नकाबपोश व्यक्ति, शराब दुकान से एक काले रंग की स्कूटी में चौकी कोतबा क्षेत्रांतर्गत ग्राम आमाटोली की ओर भागने लगे, पुलिस को पीछा करते देख दोनों नकाबपोश व्यक्ति स्कूटी को छोड़कर कर जंगल का फायदा उठा कर भाग गए। विवेचना के दौरान पुलिस के द्वारा घटना स्थल की सीसीटीव्ही फुटेज व संदिग्ध आरोपियों के द्वारा छोड़ी गई, काली रंग की जुपिटर स्कूटी क्रमांक CG13BB0363 के आधार पर रायगढ़ जिला क्षेत्र के ग्राम सकरलिया, धर्मजयगढ़ निवासी आरोपी संजय कुमार राठिया मौके से फरार हो गया, परंतु पुलिस के द्वारा उसके साथी भुवनेश्वर यादव को पकड़ लिया गया व हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी भुवनेश्वर यादव के द्वारा अपने साथी संजय कुमार राठिया के साथ मिलकर ,कोतबा के शराब दुकान में चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया गया, पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर यादव के कब्जे से, चोरी में प्रयुक्त हथौड़ी व चोरी करके, ले जाए गए, सी सी टी व्ही कैमरा को बरामद कर जब्त कर लिया है।





## सन्ना कॉलेज में व्यक्तित्व निर्माण नशा मुक्ति अभियान पर कार्यशाला

**जशपुरनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जशपुर के कार्यकर्ताओं के द्वारा सन्ना के शासकीय नवीन महाविद्यालय और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यक्तित्व निर्माण एवं नशा मुक्ति अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताया गया साथ में सोशल मीडिया, साइबर क्राइम, इंटरनेट के उपयोग के बारे में एवं उसके दुष्प्रभाव भी बताया गया।

गायत्री परिवार के डमरूधर स्वर्णकार ने गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, शराब तंबाकू आदि दुर्व्यसनों के बारे में बताया गया और उनसे होने वाले बीमारियों के संबंध में एवं पूरी जानकारी दी गई। उन्होंने मानव जीवन की गौरव गरिमा का बखान करते हुए कहा कि 84 लाख योनियों के बाद बड़े भाग्य से यह हम हमारा सुंदर शरीर हमें ईश्वर द्वारा मिलता है। परंतु हम इस मंदिर जैसे शरीर में नशा पान करके इसे बर्बाद करने में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिस मुख से हम भगवान का भजन करते है उसी मुख से हम दुर्व्यसन करते है तो कैसे हमें उनका अनुदान प्राप्त होगा। इस दौरान श्वेता दुबे ने कहा कि नियमित रूप से योग एवं प्राणायाम कर हम अपने बुद्धि को बहुत बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने, शालीनता अपनाने, स्वावलंबी बनने एवं सेवाभावी बनने हेतु आवाहन किया। इसके पश्चात तूलिका पाठक ने सोशल मीडिया के सदुपयोग के बारे में बताया कि मोबाइल का सही अर्थों में अध्ययन सामग्री के लिए हम प्रयोग करें तो इस ज्ञान के सागर से हम बहुत कुछ सिख सकते है। उन्होंने 16 वर्षीय छात्र स्व-शिक्षित एथिकल हैकर युवराज गुप्ता के बारे में बताया जिनका नासा ने अपने हॉल ऑफ फेम में जगह देकर सम्मानित किया है, जिसने नासा की वेबसाइट में एक गंभीर सुरक्षा खामी का पता लगाकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई है। तूलिका पाठक ने आगे कहा कि आज मोबाइल के दुरूपयोग से समय की बर्बादी हो रही है, सोशल मीडिया में फोटो से कई प्रकार से साइबर क्राइम हो रहे है जिससे हमें सतर्क रहना चाहिए। इस दौरान राजेश्वरी साहू द्वारा भी बच्चों को व्यक्तित्व निर्माण के बारे में जीवनोपयोगी जानकारी दी गई।

■ सोशल मीडिया, इंटरनेट, साइबर क्राइम की भी दी गई जानकारी

### ग्राम केवरा में करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत, एक गंभीर

**भैयाथान।** ग्राम पंचायत केवरा में आवासीय भवन निर्माण के लिए पुराने विद्युत पोल हटाने के दौरान करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई वहीं भवन स्वामी गंभीर रूप से घायल हो गया।

झिलमिली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा में विपिन चंद्र जायसवाल द्वारा नया मकान बनाया जा रहा है। मकान बनाने के पूर्व निर्माण स्थल से विद्युत लाइन का विस्तार किया गया था। भूमि स्वामी की पहल पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कुछ दूरी पर नया पोल लगाकर विद्युत लाइन का विस्तार किया था। पुराना क्षतिग्रस्त विद्युत पोल निर्माण स्थल की बाउण्ड्री में यथावत खड़ा था। शुक्रवार को दोपहर भूमि स्वामी विपिन चंद्र जायसवाल गांव के ही मजदूर रामप्रसाद विश्वकर्मा (45वर्ष) कल्लू (35वर्ष) के साथ पुराने पोल को हटावा रहा था। गड्ढा खोदने के बाद तीनों मिलकर विद्युत पोल को उखाड़ रहे थे। इस दौरान विद्युत पोल पास से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया तथा करंट की चपेट में आने से पोल उखाड़ रहे राम प्रसाद एवं कल्लू की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि विपिन चंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से परिजन तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां चिकित्सकों ने विपिन चंद्र विश्वकर्मा एवं कल्लू को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल विपिन चंद्र जायसवाल का उपचार स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

■ पुराने विद्युत पोल को उखाड़ने के दौरान हुआ हादसा

## जम्मू में शालिनी को मिला नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड

**जशपुरनगर।** बगीचा विकासखंड की शालिनी को नेशनल यूथ एक्सीलेंट अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह आवर्ड जम्मू यूनीवर्सिटी में सर्वश्रेष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को उनके सामाजिक क्षेत्र में उनके कार्यों को लेकर दिया गया। यह अवार्ड जम्मू कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद एवं लिव फॉर अदर हेल्पफुल फाउंडेशन के सीईओ डायरेक्टर विवेक परिहार द्वारा देश के विभिन्न राज्यों से समाजसेवा, सिनेमा, चिकित्सा, शोध एवं अनुसंधान आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को दिया गया।

इस अवार्ड समारोह में शालिनी की मां संतोषी गुप्ता मौजूद रही।



उल्लेखनीय है कि इस वर्ष जशपुर जिले की बगीचा नगर पंचायत कि शालिनी को उनके सामाजिक कार्यों के लिए यह अवार्ड प्रदान किया गया। शालिनी को समाज सेवा में रुचि होने के कारण 2022 में एमएसडब्ल्यू की शिक्षा पूरी की और भविष्य में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य करने का निर्णय लिया है। और 8-9 सालों से निरंतर निस्वार्थ भाव से सामाजिक गतिविधियों को लेकर के कार्य कर रही है।

## विकास योजना से सुखसागर आर्थिक रूप से हुआ मजबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पशुधन विकास विभाग द्वारा जिले के गौव पालकों को विभागीय योजनाओं को लाभ दिया जा रहा है। इसी कड़ी में बगीचा विकासखण्ड के सुखसागर यादव को राज्य पोषित डेयरी उद्यमिता विकास योजना एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार योजना का लाभ दिया गया है।

बगीचा विकासखण्ड के पशुधन विकास विभाग द्वारा हितग्राही सुखसागर यादव को राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना से 70 हजार के अनुदान का लाभ दिया गया एवं राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम अन्तर्गत नस्ल सुधार किया गया। हितग्राही सामान्य किसान है, इनका रोजगार का कार्य खेती था। योजना का लाभ लेने के पूर्व हितग्राही के पास 1 देसी गाय थी। इनकी गाय उस समय लगभग प्रतिदिन 1 लीटर दूध देती थी। जिसका उपयोग घर में ही कर लिया जाता था।

पशुपालन से कोई अतिरिक्त आय नही होती थी। पशुधन विकास विभाग से राज्य डेयरी उद्यमिता विकास अन्तर्गत हितग्राही द्वारा शासकीय योजना का लाभ लेकर 1 उन्नत नस्ल की जर्सी गाय और एक साहीवाल क्रास गाय खरीदा गया। वर्तमान में कुल 16-18 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है। जिसके विक्रय से हितग्राही को राशि रूपए 25 हजार से 30 हजार रूपए मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है। साथ ही राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम नस्ल सुधार योजना द्वारा कृत्रिम गर्भाधान का लाभ लिया जाता है। जिससे वर्तमान में उन्नत नस्ल की बछिया एवं बाछा उत्पन्न हुई है। पशुधन विकास विभाग द्वारा संचालित राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का लाभ लेने के पश्चात हितग्राही के आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। विभाग द्वारा समस्त गाय का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। कृमिनाशक दवाईयां एवं मिनरल मिक्सचर प्रदान किया जाता है। आवश्यकतानुसार तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाता है।

■ 16 से 18 लीटर तक हो रहा दूध उत्पादन

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कापू थाना अंतर्गत ग्राम ठाकुर पोड़ी निवासी सारेखन मांझी आ. स्व. तेज राम मांझी (54 वर्ष) बुधवार को नशे की हालत में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान सुबह 9 बजे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## लगातार बारिश से जिले में जनजीवन अस्तव्यस्त

# जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क का एक हिस्सा धंसने लगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जिले में जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के चलते अब जिले की सड़कें भी टूटने लगी हैं। पंडरापाठ बगीचा मुख्य मार्ग पर रौनी के पास सड़क का एक हिस्सा कटकर खाई में धंसने लगा है। यह मार्ग बगीचा विकासखंड को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है, जिसके क्षतिग्रस्त होने से आवागमन करने वालों की जान पर बन आई है।

लगातार हो रही तेज बारिश से मिट्टी का कटाव बढ़ गया है। रौनी के पास सड़क का किनारा बहकर खाई में समा गया है। सड़क का कुछ हिस्सा धंस चुका है और शेष हिस्सा भी किसी भी समय धंसने की स्थिति में है। इस रास्ते से गुजर रहे वाहन चालक और राहगीर हर पल भय के साये में सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासी मनदीप राम ने बताया कि पिछले कई दिनों से बारिश थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क किनारे की मिट्टी पूरी तरह बह चुकी है। रोज इसी रास्ते से जाना पड़ता है, डर लगता है कि कहीं गाड़ी समेत सड़क ही नीचे न चली जाए।



### गांवों की कनेक्टिविटी टूटी, ग्रामीण परेशान

इस मार्ग पर निर्भर पंडरापाठ, रौनी, चांदो समेत दर्जनों गांवों के लोगों को अब आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार, अस्पताल, स्कूल तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में यह मार्ग पूरी तरह ठप हो सकता है। महिला मीना देवी ने कहा कि “हमने कई बार जनपद और तहसील कार्यालय में जानकारी दी, लेकिन कोई अधिकारी यहां तक झांकने नहीं आया। अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। इधर बगीचा विकासखंड प्रशासन का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से मरम्मत कार्य में दिक्कत आ रही है। अधिकारी जल्द मौके पर पहुंचकर स्थिति का आकलन करेंगे और अस्थायी मरम्मत का काम शुरू करेंगे। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन त्वरित कार्रवाई करेगा, वरना यह मार्ग पूरी तरह ध्वस्त होकर क्षेत्र की जीवनरेखा को तोड़ देगा।

### तीन दिन से भारी बारिश एसडीएम ने वाहनों का आवागमन कराया बंद

जिले में तीन दिन से लगातार भारी बारिश से बगीचा -पंडरापाठ में भू-स्खलन से स्थानीय प्रशासन ने वाहनों का आवागमन बंद करवा दिया है। बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया ने बताया कि बगीचा से रौनी के बीच में मुख्य सड़क पर बड़ी बड़ी दरार आ गई हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र में पुलिस तैनात कर वाहनों की आवाजाही अब रजपुरी जलप्रपात वाले मार्ग से कामारिमा से शुरू करा दी गई है। बगीचा लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बृजेश कुमार गुप्ता ने तत्काल मौके पर पहुंच कर सड़क पर बचाव कार्य शुरू करा दिया गया है।इधर जनपद सीईओ विनोद सिंह ने भी भू-स्खलन की घटना के बाद आसपास के ग्रामीण इलाकों से लगातार संपर्क स्थापित किया गया है।बगीचा में इस प्राकृतिक विपदा के बाद जिला कलेक्टर रोहित व्यास ने भी आवश्यक सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।फिलहाल बारिश का लगातार प्रकोप को देखते हुए लोगों की चिंता बढ़ गई है।




# ‘एक दीवाने की दीवानीयत’ का पहला लुक हुआ जारी

**मुंबई।** हर कोई जिस पोस्टर का इंतजार कर रहा था, वह आखिरकार रिलीज हो गया। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म ‘एक दीवाने की दीवानीयत’ का पहला पोस्टर लॉन्च हो चुका है और फिल्म इस दिवाली, 21 अक्टूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। हर्षवर्धन राणे का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। इस साल की शुरुआत में सनम तेरी कसम की शानदार सफलता के बाद अब फैंस उनकी अगली बड़ी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दिवाली जैसी बड़ी रिलीज डेट मिलना दर्शाता है कि इस म्यूजिकल ड्रामा को लेकर उत्सुकता कितनी ज्यादा है।

## लाइफ Style

# वाणी

## अपने दम पर बनाई पहचान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर का शनिवार को 37वां जन्मदिन मनाया। महज आठ फिल्मों के सफर में उन्होंने कभी ग्लैमरस अंदाज से, तो कभी संजीदा किरदारों से दर्शकों का दिल जीता। ‘शुद्ध देसी रोमांस’ से शुरू हुआ उनका फिल्मी सफर ‘वॉर’ और ‘चंडीगढ़ करे आशिकी’ जैसी फिल्मों तक पहुंचा।

खास बात यह है कि इंडस्ट्री से कोई बैकग्राउंड न होने के बावजूद वाणी ने अपने दम पर पहचान बनाई और आज करोड़ों की संपत्ति की मालकिन हैं। वाणी का जन्म दिल्ली में एक बिजनेस परिवार में हुआ। वाणी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई दिल्ली के माता जयकौर पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद उन्होंने इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी से पर्यटन में ग्रेजुएशन किया। पढ़ाई के दौरान ही वाणी ने होटल मैनेजमेंट की तरफ रुख किया और जयपुर के ओबेरॉय होटल में इंटर्नशिप की। इसके अलावा उन्होंने कुछ समय तक आईटीसी होटल में भी काम किया। होटल इंडस्ट्री में काम करते हुए उनकी मुलाकात एलिट मॉडल मैनेजमेंट एजेंसी से हुई। उनकी लंबी हाइट और आकर्षक पर्सनालिटी को देखकर एजेंसी ने उन्हें मॉडलिंग के लिए साइन कर लिया। यही वह मोड़ था जहां से वाणी की जिंदगी फिल्मों की तरफ मुड़ी।

मॉडलिंग के दौरान वाणी ने कई बड़े फैशन डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक किया और विज्ञापनों में भी काम किया। धीरे-धीरे उनका चेहरा पहचाना जाने लगा और यहीं से उन्हें यशराज फिल्म्स की कास्टिंग टीम की नजर में आने का मौका मिला।



## हॉलीवुड मसाला




# ब्रेकअप के बीच साथ दिखे काइली-टिमोथी

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी-मानी स्टार काइली जेनर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। काइली जेनर की नई तस्वीरें और वीडियो आते ही सोशल मीडिया पर छा जाती हैं। तस्वीरों और वीडियो के अलावा काइली जेनर अक्सर अपने सोशल मीडिया हैंडल से पर्सनल लाइफ से जुड़े अपडेट देती रहती हैं। इन सब के बीच अभी हाल ही में खबर सामने आई थी कि काइली जेनर और उनके बॉयफ्रेंड टिमोथी चालमेट के बीच सब ठीक नहीं चल रहा है। इन दोनों के ब्रेकअप की अफवाह ने फैंस को हैरान कर दिया था। लेकिन काइली जेनर और टिमोथी चालमेट की नई पोस्ट ने इस अफवाह को हवा में उड़ा दिया है।



# टूटे दिल को संभालने में लगी जेसिका...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस जेसिका अल्बा ने इस जनवरी में कैश वॉरेन से अपने 16 साल पुराने रिश्ते को विराम दिया था। दोनों ने तलाक ले लिया था। ऐसे में तलाक के बाद कैश से अलग रह रही जेसिका का कहना है कि वे अपने टूटे हुए दिल का ख्याल रख रही हैं और वो ब्रेकअप के बाद के हालात से अच्छे से उबर रही हैं। अल्बा ने कहा, कैश से अलग होने के बाद उन्होंने सीखा कि जिंदगी को चलने दो जैसा वह चल रही है। अलग होने के बाद की जिंदगी के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि आप बहुत सारी योजनाएं बनाने की कोशिश करते हैं, खासकर एक मां के रूप में, आप हमेशा योजना बनाने और चीजों को नियंत्रित करने की कोशिश करते रहते हैं।



# सैयारा ने दिखाई रोमांटिक फिल्मों की ताकत

**मुंबई।** कृतिका टीवी से लेकर फिल्मों और अब ओटीटी तक, हर प्लेटफॉर्म पर काम कर रही हैं। एक्टिंग के साथ-साथ उन्होंने चंदेरी में सिनाबार नाम से फैशन इनिशिएटिव भी शुरू किया है, जो कारीगारों को मदद और पहचान दिलाने की कोशिश है। बातचीत में कृतिका ने अपने नए शो, एक्टिंग सफर और आने वाले प्रोजेक्ट्स के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे अच्छा यह लगा कि ऑडियंस ने शो की सोच और इरादे को समझा। यह कोई स्टीरियोटाइप या बनावटी कहानी नहीं थी, बल्कि भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को ईमानदारी और बैलेंस के साथ दिखाने की कोशिश थी। यह देखकर सुकून मिला कि लोग इस नजरिए को पहचान भी रहे हैं और सराह भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैयारा ने रोमांटिक फिल्मों की ताकत दिखा



# 30 को होगा बागी-4 का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** टाइगर श्रॉफ की अपकमिंग मूवी बागी 4 फैंस के बीच चर्चा में बनी हुई है। इस मूवी के फर्स्ट लुक ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। फिल्म का सॉन्ग भी रिलीज हुआ है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। अब फिल्म के ट्रेलर को लेकर अपडेट हाथ लगी है। बागी 4 का ट्रेलर किस दिन रिलीज किया जाएगा इसका पता चल गया है। साथ ही मेकर्स का क्या प्लान है उसकी जानकारी भी सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार बागी 4 का ट्रेलर 30 अगस्त को एक भव्य कार्यक्रम में लॉन्च किया जाएगा, यानी फिल्म के बड़े पर्दे पर आने से ठीक एक हफ्ते पहले। इससे जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बागी 4 का ट्रेलर कट तैयार है और टीम इसे 30 अगस्त, को भव्य तरीके से लॉन्च करने की सोच रही है। यह ट्रेलर आधिकारिक तौर पर 5 सितंबर को फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू कर देगा।

## टीवी मसाला

# रूपाली ने माना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश आभार

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने 11 अगस्त को सुनाए फैसले का संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के सभी कुत्तों को शेल्टर होम का आदेश दिया गया था। लेकिन अब कोर्ट ने इस फैसले में बदलाव करते हुए डॉग लवर्स को खुश कर दिया। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि सिर्फ रेबीज और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में रखा जाएगा। इसी के साथ आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण होगा इसके बाद ही उन्हे वापिस उसी जगह पर छोड़ दिया जाए। ऐसे में टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली ने इस फैसले की तारीफ की है। रूपाली गांगुली लिखती हैं ‘करुणा की बड़ी जीत! सर्वोच्च न्यायालय के आदेश में संशोधन करने और दिल्ली में आवारा कुत्तों की नसबंदी और उन्हें छोड़ने की अनुमति देने के लिए आभारी हूं। यह कदम न केवल लोगों को रेबीज और अधिक जनसंख्या के खतरों से बचाता है, बल्कि हमारे मूक साथियों को सम्मान के साथ जीने का अवसर भी देता है।’ रूपाली समेत बॉलीवुड और टीवी के कई स्टार्स ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की वाहवाही की। एक्ट्रेस रूपाली गांगुली एक डॉग लवर है उन्होंने सीरियल ‘अनुपमा’ के सेट पर कई आवारा कुत्तों को जगह भी दी और उनका पालन पोषण कर रही हैं।



# 18 साल बाद साथ आएंगे नजर अक्षय-सैफ

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘जॉली एलएलबी 3’ को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन इस बीच अब अक्षय ने अपनी नई फिल्म ‘हैवान ’की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में अक्षय अभिनेता सैफ अली खान के साथ नजर आएंगे। अब अक्षय ने शूटिंग के पहले दिन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम पर ‘हैवान’ की शूटिंग के पहले दिन का वीडियो शेयर करते हुए ये जानकारी दी है कि उन्होंने प्रियदर्शन की इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। वीडियो में अक्षय के साथ निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेता सैफ अली खान भी नजर आ रहे हैं। तीनों किसी बात पर चर्चा करते और हंसी मजाक करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय ने कैप्शन में लिखा है, ‘हम सब ही हैं थोड़े से शैतान। कोई ऊपर से संत, कोई अंदर से हैवान। अपने सबसे पसंदीदा निर्देशक प्रियदर्शन के ‘हैवान’ की शूटिंग आज से शुरू की। लगभग 18 साल बाद सैफ के साथ काम करने पर काफी उत्साहित और खुश हूं। चलो हैवानियत को शुरू करते हैं।’ अक्षय का ये वीडियो सामने आते ही अब चर्चा का विषय बना हुआ है। घोषणा के बाद से ही ‘हैवान’ चर्चा में बनी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण है अक्षय और सैफ अली खान का इतने लंबे वक्त के बाद एकसाथ आना। अक्षय और सैफ ने साथ में कई फिल्में की हैं। इनमें ‘मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी’, ‘ये दिल्लगी’, ‘तू चोर मैं सिपाही’, ‘कीमत’ और ‘टशन’ जैसी फिल्में शामिल हैं। दोनों आखिरी बार साल 2008 में आई फिल्म ‘टशन’ में नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर एकसाथ नजर आएंगे।




# हरनाज ने किया वेट लूज

## ट्रांसफॉर्मेशन ने हर किसी को चौंकाया

**मुंबई।** बागी 4 का गाना बहली सोहनी रिलीज हो चुका है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ और हरनाज संधू की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। वहीं गाने में हरनाज संधू का लुक आपको हैरान कर देगा क्योंकि एक्ट्रेस ने बहुत ही ज्यादा वेट लूज किया है। हरनाज को काफी समय से अपने वजन के लिए बढ़ने के लिए ट्रोल किया गया था। उस समय तो बॉडी शेमिंग पर हरनाज ने कुछ नहीं कहा लेकिन अब अपने ट्रांसफॉर्मेशन से एक्ट्रेस ने हर किसी को चौंका दिया। बागी 4 के निर्माताओं ने हरनाज संधू और टाइगर श्रॉफ पर फिल्माया गया गाना ‘बहली सोहनी’ रिलीज किया। गाने में हरनाज के ग्लैमरस नए अवतार ने सबका ध्यान खींचा। प्रशंसकों ने उन्हें नए जमाने की ‘देसी गर्ल’कहना शुरू कर दिया। गाने में हरनाज संधू कई स्टाइलिश साड़ी लुक्स में अपनी टोन्ड बॉडी दिखाती नजर आ रही हैं। उनके खूबसूरत मूव्स और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस ने वाकई फैंस को हैरान कर दिया है। लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक इंस्टाग्राम यूजर ने गाने से उनके लुक का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, देसी गर्ल FR! मिस यूनिवर्स 2021, हरनाज, क्वीन ने सभी को हैरान कर दिया। मुझे उनका ये अवतार देखकर प्रियंका और दीपिका की बहुत याद आई! उनके ट्रांसफ़ॉर्मेशन की तारीफ़ करते हुए एक फैन ने पूछा, वाह, ये कब हुआ? एक और ने लिखा,उनकी बॉडी इस लुक में बहुत जम रही है। एक अन्य ने कमेंट किया, “उनमें प्रियंका चोपड़ा की झलक दिख रही है।



## 1960 के दशक किया कॅरियर शुरू, बॉलीवुड में खास बनाई जगह

# इश्क ऐसा कि कायनात भी झुक गई, सायरा-दिलीप की मोहब्बत की दास्तां

*मुंबई। फिल्म ‘पड़ोसन (1968)’ के गीत ‘मेरे सामने वाली खिड़की में एक चांद का टुकड़ा रहता है’, को दर्शक आज भी सुनते हैं तो सायरा बानो की खूबसूरती, अभिनय के कायल हो जाते हैं। 60 के दशक में करियर शुरू करने वाली सायरा ने कुछ ही समय में बॉलीवुड में अलग और खास जगह अपने लिए बना ली थी। वह दर्शकों की चहेती स्टार बन गई। दिलीप कुमार से सायरा बानो की बेपनाह मोहब्बत की कहानी भी सिने प्रेमियों की यादों में बसी है। सायरा बानो अपना जन्मदिन 23 अगस्त को मना रही हैं। इस मौके पर दिलीप कुमार और उनकी प्रेमी कहानी पर एक नजर।*

### वो जन्मदिन जब इश्क की कहानी शुरू हुई

सायरा बानो ने अपने एक इंटरव्यू में ही बताया था कि कैसे दिलीप साहब को उनसे प्यार हुआ? वह बताती हैं, ‘23 अगस्त 1966 को मेरा जन्मदिन था। घर पर मां ने पार्टी रखी। इंडस्ट्री के कई लोग आए। अचानक दिलीप साहब आए। मां ने उन्हें इंवाइट किया था। वह मेरी जिंदगी का सबसे बेहतरीन तोहफा था। मैंने बाल बनाए हुए थे, साड़ी पहनी थी। दिलीप साबह ने मुझे देखा और हाथ मिलाया और बोले कि तुम एक लवली वुमन बन चुकी हो। उस रात पहली बार उन्होंने मुझे नोटिस किया। दूसरे दिन उनका फोन आया, डिनर की तारीफ की। इसके बाद ही हमारे मिलने का सिलसिला शुरू हुआ।’ इस तरह दिलीप कुमार और सायरा को एक-दूसरे से मोहब्बत हुई, आगे चलकर इनका निकाह हुआ। दिलीप कुमार को प्यार से सायरा बानो साहब कहकर बुलाती थीं। दिलीप कुमार का निधन साल 2021 में हुआ, उस समय सायरा बानो काफी टूट गईं।



### कम उम्र में बॉलीवुड में रखा कदम

मसूरी में जन्मी सायरा बानो एक फिल्मी परिवार से आती हैं, उनकी मां नसीम बानो अपने समय की मशहूर अदाकारा थीं। जब सायरा 16 साल की हुईं तो फिल्मी दुनिया के लिए तैयार होने लगीं। कथक, भारतनाट्यम क्लासिकल डांस सीखा। फिर साल 1961 में फिल्म ‘जंगली’ से अपना करियर शुरू किया, फिल्म में सायरा बानो के हीरो शम्मी कपूर थे, यह फिल्म सुपरहिट रही। सायरा रातों-रात स्टार बन गईं। सायरा ने कई नामी अभिनेताओं संग अभिनय किया। अपने शौहर दिलीप कुमार के साथ भी सायरा बानो ने ‘गोपी’, ‘सगीना’ और ‘बेरंग’ जैसी फिल्मों में काम किया था।

### *12 साल की उम्र में कहा- दिलीप कुमार से करेंगी निकाह*

*जब सायरा बानो 22 साल की थीं तो उन्होंने दिलीप कुमार से निकाह कर लिया, उस समय दिलीप साहब की उम्र 44 साल थी। 11 अक्टूबर 1966 को दिलीप कुमार और सायरा बानो का निकाह हुआ। दिलीप कुमार से निकाह करने वाली बात सायरा ने अपनी मां को 12 साल की उम्र में भी कही थीं। सायरा बानो इस किस्से को कई इंटरव्यू में बता चुकी हैं। जब सायरा बानो 12 साल की थीं तो एक दिन घर में बैठकर दिलीप साहब की फिल्म देख रही थीं। सायरा ने फिल्म देखकर अपनी मां से कहा कि वह दिलीप कुमार से निकाह करेगी, यह बात सुनकर मां खूब हंसी। मगर आगे चलकर यही बात सच साबित हुई।*

## खबर संक्षेप



### कृषि व पशु सखी नियुक्ति पर ग्रामीणों में असंतोष

**पुसौर।** शासन की मंशा है कि महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हर ग्राम पंचायत में कृषि सखी और पशु सखी नियुक्त की जाएं ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और किसानों व पशुपालकों को तकनीकी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। कृषि सखी के लिए न्यूनतम 8वीं पास और कृषि संबंधी ज्ञान आवश्यक है, वहीं पशु सखी के लिए 8वीं उत्तीर्ण होने के साथ घर में कम से कम दो बकरी या भेड़ होना अनिवार्य शर्त है। लेकिन जनपद पंचायत पुसौर क्षेत्र से उठ रही आवाजें शासन की मंशा पर सवाल खड़े कर रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिहान के पदाधिकारियों द्वारा तय नियमों को दरकिनार कर मनमानी नियुक्तियां की जा रही हैं और अपने चहेती महिलाओं को यह अवसर दिया जा रहा है। इससे कई योग्य महिलाएं वंचित रह गई हैं, वहीं पारदर्शिता की कमी से ग्रामीणों में असंतोष बढ़ रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि सरकार की यह योजना किसानों और महिलाओं तक सही मायनों में लाभ पहुंचाना चाहती है तो नियुक्ति प्रक्रिया मापदंड आधारित और पारदर्शी होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि जनपद कार्यालय से ही बिहान का संचालन हो रहा है। मामले पर जनपद पंचायत सीईओ विवेक गोस्वामी से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

### महतारी वंदना योजना नहीं, मेहनत पर भरोसा



**सरसीवा।** छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान प्रदेश है जहां की माताएं और बहनें विष्णुदेव सरकार की महतारी वंदना योजना से कहीं अधिक अपनी मेहनत और परिश्रम पर भरोसा रखती हैं। सुबह से शाम तक खेत-खलिहान में काम कर वे पसीना बहाकर परिवार का भरण-पोषण करती हैं। लेकिन जब उन्हें यह सुनने को मिलता है कि दाल, चावल और सब्जी के दाम आसमान छू रहे हैं, रसोई गैस महंगी हो गई है, खाद्य पदार्थों और घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी लग रहा है, तो उनके मन में आक्रोश पैदा होता है। ग्रामीण महिलाएं कहती हैं कि सरकार जो सुविधा योजनाओं के नाम पर दे रही है, उससे कहीं ज्यादा राशि महंगाई और कर के रूप में हमसे वसूल रही है। ऐसे में योजनाओं से ज्यादा हमें अपनी मेहनत पर विश्वास है। महंगाई पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक वनांचल ने कहा यह सरकार पूरी तरह जनविरोधी है। रसोई गैस, डीजल-पेट्रोल और बिजली बिल की दर लगातार बढ़ाई जा रही है। खाने-पीने की वस्तुएं आम आदमी, किसान और मजदूर की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। इसका खामियाजा भाजपा सरकार को आगामी समय में भुगतना पड़ेगा।

### मृतकों के वारिस के लिए 4 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना प्रतिकर स्कीम 2022 के तहत डॉ. संजय कन्नौजे कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त हिट एंड रन स्कीम 2022 ने वर्ष 2023 के दो प्रकरण में सारंगढ़ के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और न्यायालय तहसीलदार के जांच प्रतिवेदन और अनुशंसा पर मृतक राजकुमार सिदार और दयाराम सिदार के वारिस के लिए प्रतिकर राशि दो लाख रूपये स्वीकृत किया है। जारी आदेश अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सारंगढ़ तहसील अंतर्गत राजकुमार सिदार उम्र 28 वर्ष ग्राम टिमरलगा और ग्राम मल्दा ब के दयाराम सिदार उम्र 64 वर्ष का अज्ञात वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मृत्यु पर राजकुमार के निकटतम वारिस उनकी पत्नी नीरा सिदार के लिए 2 लाख और दयाराम सिदार की पत्नी भूमिसूता सिदार के लिए दो लाख रूपये स्वीकृत किया है।

## 6494.87 लाख की लागत से बनेगा ओवरब्रिज, जनता को जाम से मिलेगी राहत

# खरसिया आरओबी को वित्त विभाग से हरी झंडी, वर्षों का संघर्ष लाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

खरसिया रेलवे यार्ड के पास वर्षों से लंबित पड़े रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण का रास्ता आखिरकार साफ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग ने इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है। करीब 6494.87 लाख रुपए की लागत वाली इस परियोजना को लेकर लंबे समय से अटकी हुई फाइल अब आगे बढ़ चुकी है। यह मंजूरी खरसिया की जनता के लिए राहत की बड़ी खबर है और साथ ही शहीद नंदकुमार पटेल के अधूरे सपने की पूर्ति की दिशा में ठोस कदम है।

खरसिया रेलवे फाटक की समस्या आम लोगों के जीवन में कई सालों से बड़ी बाधा बनी हुई थी। फाटक बंद रहने के कारण आए दिन लोग जाम में फंसे रहते थे और शहर का यातायात पूरी तरह ठप हो जाता था। जनवरी 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस ओवरब्रिज की घोषणा की थी। मार्च 2021 में प्रस्ताव इंजीनियर इन चीफ को भेजा गया, सर्वे पूरा हुआ और 2022 में भूमिपूजन भी कर दिया गया। सितंबर 2023 तक टेंडर प्रक्रिया और भू-अर्जन का काम भी संपन्न हो गया था। लेकिन दिसंबर 2023 में सत्ता परिवर्तन के बाद नई भाजपा सरकार ने राजनीतिक कारणों से वित्त विभाग से अनुमति रोक दी। परियोजना ठप पड़ गई और खरसिया के लोगों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा।



### ओवरब्रिज से मिलने वाले लाभ

**ट्रैफिक जाम से राहत** : अब घंटों तक बंद रहने वाले रेलवे फाटक से छुटकारा मिलेगा।
सुरक्षित यातायात : फाटक पार करते समय हादसों का खतरा खत्म होगा।
**समय और ऊर्जा की बचत** : रोजाना हजारों वाहन चालकों और पैदल यात्रियों का समय बचेगा।
**शहर के विकास को गति** : व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।
भविष्य की नींव : खरसिया के विकास को नया आयाम मिलेगा।

### जनता की आवाज बने उमेश पटेल



इस परियोजना को गति दिलाने के लिए खरसिया विधायक उमेश पटेल लगातार संघर्षरत रहे। उन्होंने विधानसभा में बार-बार सवाल उठाए। यहाँ तक कि सदन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव को स्वीकार करना पड़ा कि वित्त विभाग के निर्देश पर ही यह परियोजना लंबित है। सिर्फ सदन में ही नहीं, बल्कि सड़क पर भी उमेश पटेल ने आंदोलन की अगुवाई की। उन्होंने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तहसील कार्यालय के सामने धरना दिया। बाद में उन्होंने जनता को आंदोलन से सीधे जोड़ते हुए 18 वार्डों के सैकड़ों नागरिकों से हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा। इसमें साफ चेतावनी दी गई कि अगर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू नहीं हुआ तो व्यापक आंदोलन होगा।

### दबाव के आगे झुकी सरकार

लगातार बढ़ते दबाव और जनता की नाराजगी के चलते भाजपा सरकार अंततः बैकफुट पर आ गई। वित्त विभाग ने स्वीकृति जारी कर दी और लोक निर्माण विभाग नवा रायपुर को इसकी जानकारी दे दी। पत्र अवर सचिव मनराखन भूआर्य द्वारा जारी किया गया। हालाँकि, यह केवल स्वीकृति है। असली राहत तब मिलेगी जब निर्माण कार्य धरातल पर तेजी से शुरू होगा। जनता को उम्मीद है कि अब देरी नहीं होगी और जल्द ही काम शुरू होगा। स्वीकृति की खबर मिलते ही खरसिया के नागरिकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे जनता की सामूहिक जीत बताया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रेलवे फाटक के कारण हमें रोजाना कई बार परेशानी झेलनी पड़ती थी। बच्चों को स्कूल, मरीजों को अस्पताल ले जाने में भारी दिक्कत होती थी। अब ओवरब्रिज बनने से यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।



## समितियों में खाद की किल्लत किसान आज करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

क्षेत्र में खाद की कमी और समय पर आपूर्ति न होने से परेशान किसानों ने आंदोलन की तैयारी कर ली है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में आज तहसील मुख्यालय में कांग्रेस पदाधिकारी और किसान एक दिवसीय धरना देंगे। इसी के साथ वे तहसील का घेराव भी करेंगे।

पूर्व विधायक प्रतिनिधि रोहित पटेल ने बताया कि जब किसानों को सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है उस समय शासन-प्रशासन यूरिया, डीएपी और सुपर खाद उपलब्ध नहीं करा पा रहा है। नतीजतन किसान मजबूरी में महंगे दामों पर खाद खरीदने को विवश हैं। उन्होंने कहा कि इस लापरवाही से खेती की लागत बढ़ रही है और पैदावार पर भी सीधा असर पड़ रहा है। इसी के विरोध में यह आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हेमलाल साव, लक्ष्मी चौधरी, सुखसागर गुप्ता, भुवनेश्वर साहू, रामकुमार पटेल, मोहित गुप्ता, योगेन्द्र गुप्ता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और किसान शामिल होंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि शासन हर साल खाद संकट से जूझता है, लेकिन अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। किसानों को मजबूरी में आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

### आपूर्ति नहीं हुई तो बड़ा होगा आंदोलन

किसानों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते खाद आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई तो आंदोलन और बड़ा रूप लेगा। उन्होंने कहा कि 25 अगस्त का धरना और चक्काजाम शासन प्रशासन को चेताने का काम करेगा। इसके बाद भी यदि समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा।

## गणेश उत्सव पर प्रशासन के दोहरे मापदंड से भड़के आयोजक

**राउरकेला।** विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना का महापर्व इस बार शहर में भव्य रूप लेने वाला है। हजारों मजदूर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि पंडालों को आकर्षक स्वरूप दिया जा सके और श्रद्धालु पूरे मनोयोग से प्रभु के दर्शन कर सकें। लेकिन इन तैयारियों के बीच प्रशासन के दोहरे मापदंड और भेदभाव के आरोप गहराने लगे हैं।

शहर की कई गणेश पूजा समितियों का कहना है कि कुछ स्थानों पर आयोजन समितियों को साल भर मुफ्त में मैदान उपलब्ध कराया जाता है, जबकि कई समितियों से एक बार के आयोजन के लिए भी भारी शुल्क वसूला जा रहा है। वहीं, कुछ समितियां सालों से कब्जाई जगह पर आयोजन करती आ रही हैं और वहां से लाखों की उगाही भी हो रही है, मगर प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। गणेश पूजा समितियों का आरोप है कि अन्य धार्मिक आयोजनों में जहां प्रशासन की ओर से टैंकर, एंबुलेंस, सफाई और रोशनी जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं, वहीं गणेश उत्सव में इन समितियों को खुद सफाई और व्यवस्था करनी पड़ रही है। पर्व सात से दस दिन तक चलता है, लेकिन बावजूद इसके सरकार और प्रशासन की मदद का अभाव बना हुआ है।



■ कहीं सालों से मुफ्त सुविधा तो कहीं एक बार का भारी शुल्क

### विपक्ष ने साधा निशाना

एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने मामले पर नाराजगी जताते हुए कहा कि प्रशासन की जिम्मेदारी है कि सभी पूजा स्थलों पर समान रूप से साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था की जाए। शुल्क वसूली में भी एकरूपता होनी चाहिए। अन्यथा आने वाले समय में धार्मिक आयोजनों में यह भेदभाव बड़ा सवाल खड़ा करेगा। आयोजन समितियों का कहना है कि प्रशासन यदि इस विषय में जल्द स्पष्ट नीति नहीं बनाता तो भविष्य में विरोध की स्थिति भी उत्पन्न हो सकती है।

### स्मार्ट सिटी राउरकेला में नियमों की अनदेखी

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड राउरकेला में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। संस्था में तैनात एक वरिष्ठ वित्त अधिकारी पर सरकारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए 65 वर्ष से अधिक आयु होने के बावजूद पद पर बने रहने का आरोप लगा है। उल्लेखनीय है कि बीते सितंबर माह में जारी आदेश के अनुसार इस आयु से ऊपर किसी भी अधिकारी को किसी भी प्रकार का प्रभार सौंपना प्रतिबंधित है। करोड़ों के प्रोजेक्ट से जुड़ी इस संस्था में नियमों की ऐसी अनदेखी चिंता का विषय बन गई है। हैरानी की बात है कि स्थानीय प्रशासन और उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। इससे न केवल स्मार्ट सिटी परियोजना की पारदर्शिता पर प्रश्न उठ रहे हैं, बल्कि विजिलेंस विभाग की भूमिका भी कटघरे में खड़ी हो रही है।

## डॉ. त्रिपाठी कलिंगा यूनिवर्सिटी में राज्यपाल पुरस्कार से हुईं अलंकृत

**रायगढ़।** राजधानी रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित कलिंगा यूनिवर्सिटी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में रायगढ़ की शिक्षिका डॉ. मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला को राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत किया गया। यह सम्मान उन्हें शैक्षिक शोध, अनुसंधान नवाचार, उत्कृष्ट अध्यापन, बहुमुखी प्रतिभा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके सतत योगदान के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलिंगा यूनिवर्सिटी के द्रोणाचार्य कहे जाने वाले आर्यवीर आर्य मंचासीन थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, एमडी फाउंडेशन सरायपाली के चेयरमेन डॉ. अनिल कुमार प्रधान सहित कई शिक्षाविद् और गणमान्य जन उपस्थित थे। इस



अवसर पर विभिन्न जिलों से आए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर से आए शोधार्थियों सहित कई विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों और विभागाध्यक्षों की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सम्मानित शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि "शिक्षक ही समाज के असली निर्माता हैं, जिनके मार्गदर्शन से आने वाली पीढ़ी उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होती है।

### चोरी के सामान खरीदने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सक्ती।** चोरी का माल खरीदने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 9 लोहे का चैनल गाडर को जब्त किया गया हे। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रमोद कुमार चौहान निवासी सराईपाली थाना सक्ती का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके ठेका के निर्माणाधीन मकान के छत के उपर में लोहा के चैनल गाडर को चोरी कर ले गए। उक्त गाडर की कीमत 65 हजार 450 रुपए बताई जा रही है। इस दौरान दुर्गेश बरेठ पिता सुरज बरेठ उम्र 21 वर्ष, शिवा सोनी पिता श्रवण कुमार सोनी उम्र 22 वर्ष, पुष्पेन्द्र शर्मा पिता दयाकिशन शर्मा उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 5 नग लोहे का चेनल गाडर को बरामद कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायिक पर भेजा गया है। प्रकरण में आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर चोरी किये गये लोहे का चेल गाडर को अजय कुमार सहिस निवासी कसेरपारा सक्ती के पास बेचना बताया गया।

## माल परिवहन में ओवरलोडिंग और जीएसटी फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

ओडिशा के सुंदरगढ़, केऊँझर, ढेंकानल और झारसुगुड़ा जिलों से झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश और पंजाब की ओर जाने वाले माल परिवहन में बड़े पैमाने पर ओवरलोडिंग और जीएसटी फर्जीवाड़ा का खेल चल रहा है।

■ ओडिशा-झारखंड सीमा में वैध ट्रांसपोर्टरों की बढ़ी परेशानी

स्पंज आयरन, सरिया, बिलेट, एमएस पाइप, एमएस सीट, स्क्रैप सहित अन्य सामग्रियों के परिवहन में निर्धारित सीमा से अधिक भार लादने और फर्जी इनवॉइस के जरिए कर चोरी की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। यह न केवल अनुचित प्रतिस्पर्धा को जन्म दे रहा है बल्कि सड़क हादसों और कानूनी कार्यवाही के खतरे को भी बढ़ा रहा है। राउरकेला पहले भी जीएसटी घोटाले का हब माना गया है। वर्ष 2022 में यहां करोड़ों रुपए का जीएसटी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ था। जिसमें पांच लोग गिरफ्तार हुए थे। फर्जी इनवॉइस बनाकर कर चोरी की गई थी और दिहाड़ी मजदूरों, ठेला विक्रेताओं तक के नाम पर फर्जी समन जारी हुए थे। अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक राउरकेला में सैकड़ों फर्जी खातों का पकड़ा जाना इस घोटाले की गंभीरता को दिखाता है। हाल ही में 2025 में सीबीआई ने पटना, जमशेदपुर और झारखंड के कई स्थानों पर 100 करोड़ रुपए का जीएसटी रिफंड घोटाला पकड़ा, जिसमें सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत सामने आई।

## बिसरा चौक से बंडामुंडा मार्ग की जर्जर हालत से जनता बेहाल

**राउरकेला।** शहर की मुख्य सड़कों में गिने जाने वाले बिसरा चौक से बंडामुंडा मार्ग की बदहाली इन दिनों नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। खटाल, फटा पाइप और तिलका नगर होते हुए बंडामुंडा की ओर जाने वाले इस रास्ते पर जगह-जगह बने गड्ढे और टूटी सड़कें बरसात के दिनों में जलभराव के कारण और भी खतरनाक हो गई हैं।



स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग अस्पताल, बाजार और दैनिक जरूरतों के लिए सबसे जरूरी है, लेकिन इसकी स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी चुनौती बन गया है। वाहन चालक और राहगीर रोजाना हादसे के डर के साए में सफर करने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार सड़क मरम्मत के लिए प्रशासन और राउरकेला नगर निगम से गुहार लगाई, मगर अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि विभागीय जटिलताओं और उदासीनता के कारण सड़क सुधार कार्य अधर में लटका हुआ है।

### नए आयुक्त से उम्मीदें

हाल ही में नए आयुक्त ने कार्यभार संभाला है। जिससे नागरिकों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस जर्जर मार्ग का नवीनीकरण होगा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि बरसात खत्म होने के तुरंत बाद प्राथमिकता के आधार पर इस सड़क की मरम्मत की जाए।

## नेतनगर में पोला और भोजली उत्सव धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर दूर बसे ऐतिहासिक ग्राम नेतनगर में इस वर्ष भी पारंपरिक पोला त्यौहार और भोजली उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। माना जाता है कि नेतनगर प्राचीन काल में एक नगर रहा होगा, क्योंकि यहां से कई पुरानी खंडित मूर्तियां और अवशेष मिले हैं।

भाद्रपद अमावस्या को मनाया जाने वाला पोला त्यौहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। यह पर्व बैलों के योगदान और महत्व को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। मिट्टी के बने छोटे-छोटे पोला बैलों की पूजा कर बच्चे उन्हें पूरे गांव और धार्मिक स्थलों में भ्रमण कराते हैं। इस अवसर पर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नेतनगर के



युवा कलाकार पांडव पटेल ने बताया कि गांव में पोला पर्व के साथ ही भोजली उत्सव भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। महिलाएं और युवतियां पारंपरिक गीत गाते हुए भोजली का विहाव नगर कीर्तन के रूप में निकालकर विसर्जन करती हैं। विसर्जन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीणों ने दोनों पारंपरिक पर्वों को एक साथ मनाकर आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया।

### कामकाज नहीं होने से दूर दराज से पहुंचे लोगों को लौटना पड़ा बैरंग

## कर्मचारी-अधिकारी रहे हड़ताल पर, दफ्तरों में पसरा रहा सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के बैनर तले जिला के कर्मचारी-अधिकारी 15 सूत्रीय मांग को लेकर 22 अगस्त शुक्रवार को एकदिवसीय काम बंद कलम बंद हड़ताल पर रहे। उनकी हड़ताल से जिले के सभी शासकीय दफ्तर में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय तो खुले रहे लेकिन कामकाज ठप रहा। दूर दराज से विभिन्न कार्य करने पहुंचे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिना काम कराए ही बैरंग लौटना पड़ा।

शुक्रवार 22 अगस्त को पूर्वाह्न 11 से ही जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष जेठा सक्ती में धरना पंडाल स्थान पर जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज एवं प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। संरक्षक विजय बहादुर सिंह, खगेश कुमार पटेल, जिला उपसंयोजक विकास चौबे, जिला उपाध्यक्ष संतोष सोनी, सुरेश जायसवाल, बंसी बिहारी सिंह बनाफर, रवि बघेली, संजय गबेल, महिला प्रकोष्ठ जिला संयोजिका श्रीमती पार्वती खूंटे, जिला महासचिव डॉक्टर श्रीमती रजनी पटेल, उपसंयोजिका श्रीमती पायल देवांगन, जिला सचिव श्रीमती संयोगिता रात्रे, कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सुभाषिनी भगत, नीता कोसले, विमला कोसले, शर्मीली मिंज, अनीता साहू, श्रीमती चंचला वर्मा, अरुणा लकड़ा, श्रीमती एस रवानी, श्रीमती उषा सारथी, सरिता ध्रुव, बबीता वैष्णव, खगेश्वरी मांझी, डिडेश्वरी जगत, विनीता बर्मन, शिमला मरावी, चंद्र कांति सिदार, श्रीमती देहूति, सुशीला पटेल, लिलामबरी बरेठ, श्रीमती राधनी मेहरा, सुश्री अहिल्या भारती, श्रीमती गीता खूंटे, श्रीमती शकुंतला राठिया, कुमारी कविता चौहान, श्रीमती उत्तरा चंद्र, श्रीमती रजनी साहू, श्रीमती सुनीता साहू, ज्योति बंजारे, सरिता ध्रुव, रामगोपाल थवाईत, रमेश देवांगन, विजय खूंटे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारियों ने भाग लिया।



अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते अधिकारी-कर्मचारी।

